नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997| क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

# हिंदी विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस 29 दिसंबर को

वर्धा, दि. 27 दिसंबर 2019 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में रविवार, 29 दिसंबर को विश्वविद्यालय का 23वां स्थापना दिवस समारोह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय कुलाधिपति प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश




कुमार शुक्ल करेंगे। 29 दिसंबर को सुबह 9.00 बजे प्रथमा भवन में प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी के द्वारा ध्वजारोहण एवं अभिनवगुप्त संकुल नामपट्टिका का अनावरण किया जाएगा। गालिब सभागार में 11.00 बजे प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की समकालीन भूमिका' विषय पर स्थापना दिवस व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल करेंगे। सायं 4.00 बजे अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के प्रांगण में पुरस्कार वितरण तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित रहने की अपील कार्यकारी कुलसचिव क़ादर नवाज़ ख़ान ने की है।